अनुक्रमांक/नामांकन :　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　प्रश्न-पत्र कोड : MMS-005

# व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

**द्वितीय सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016**　　प्रश्न-पत्र 1

(विपणन प्रबंध)

समयावधि : **03** घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : विपणन की परिभाषा दीजिए। विपणन की नवीन अवधारणा एवं प्राचीन अवधारणा में अंतर विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 02 : वितरण माध्यम के चयन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों को विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 03 : विज्ञापन के उद्देश्य एवं महत्व बताइए। विज्ञापन के लिए माध्यम का चुनाव करने हेतु विभिन्न कारकों का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 04 : बाजार का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न अवधारणाओं को विस्तार से स्पष्ट करें। बाजार का वर्गीकरण चित्र द्वारा स्पष्ट करें।

प्रश्न 05 : विपणन नियंत्रण का आशय स्पष्ट करते हुए इसके सिद्धांत एवं विभिन्न तकनीकों का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 06 : उपभोक्ता व्यवहार से आप क्या समझते हैं? उपभोक्ता व्यवहार को प्रभावित करने वाले आर्थिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक तत्वों का वर्णन करें।

प्रश्न 07 : मुख्य निर्धारण का आशय स्पष्ट करते हुए इसको प्रभावित करने वाले तत्वों का विस्तार से वर्णन करें। मुख्य निर्धारण के उद्देश्य स्पष्ट करें।

प्रश्न 08 : विक्रय संवर्धन की परिभाषाएँ लिखिए ? इसके उद्देश्य एवं विभिन्न प्रकार के संवर्धन के तरीके विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 09 : स्टॉक नियंत्रण का आशय स्पष्ट करें। स्टॉक नियंत्रण के विभिन्न तकनीकों का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) उत्पाद जीवन चक्र
(ख) विक्रय नियंत्रण एवं मूल्यांकन
(ग) बाजार विभक्तीकरण
(घ) विपणन शोध

◆◆◆

ज्ञान शांति मैत्री
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय
2016

अनुक्रमांक/नामांकन :

प्रश्न-पत्र कोड : MMS-006

# व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

## द्वितीय सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 2

(मानव संसाधन प्रबंध )

समयावधि : **03** घंटे

पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : मानव संसाधन प्रबंध के प्रमुख कार्यों एवं उपकार्यों की सविस्तार विवेचना कीजए।

प्रश्न 02 : भारत में मानव संसाधन प्रबंध की स्थिति का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 03 : संपूर्ण किस्म प्रबंध से आप क्या समझते हैं ? इसकी विभिन्न तकनीकों की समीक्षा करते हुए इसके क्रियान्वयन के लिए किए जाने वाले प्रयासों का वर्णन करें।

प्रश्न 04 : कार्य अभिकल्पना का आशय स्पष्ट करें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य अभिकल्पनाओं की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

प्रश्न 05 : कार्य मूल्यांकन का आशय स्पष्ट करें। कार्य मूल्यांकन की तकनीकों को विस्तार से बताइए।

प्रश्न 06 : भारत में सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता को समझाइए। सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को बताइए।

प्रश्न 07 : कार्य विवरण का आशय स्पष्ट करें। इसमें किन-किन बातों को सम्मिलित किया जाता है, विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 08 : निष्पादन मूल्यांकन का आशय स्पष्ट करें। इसकी आवश्यकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इनकी विभिन्न तकनीकों का वर्णन करें।

प्रश्न 09 : औद्योगिक विवादों के निबटारे की व्यवस्था का सविस्तार वर्णन करें। किस विधि को आप ज्यादा उपयुक्त समझते हैं एवं क्यों ?

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) किस्म चक्र

(ख) वृत्ति नियोजन

(ग) मजदूरी एवं वेतन प्रशासन

(घ) सामूहिक सौदेबाजी

♦♦♦

ज्ञान शांति मैत्री
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय
A 2016

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MMS-007

# व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

द्वितीय सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 3

(वित्तीय प्रबंध)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : अतिपूँजीकरण का आशय स्पष्ट करें। इसकी पहचान, प्रभाव एवं कारणों को विस्तार से स्पष्ट करें, तथा इसका उपचार विस्तार से बताइए।

प्रश्न 02 : विनियोग निर्णय में सहायक सिद्धांतों का वर्णन करें। विनियोग हेतु निर्णयन महत्व एवं प्रभवित करने वाले कारकों को विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 03 : पूँजी संरचना का विकास करने में सहायक सिद्धांतों का विस्तार से वर्णन करें ? डेविड डूरेन्ड द्वारा पूँजी की विभिन्न प्रतिपादित अवधारणाओं को स्पष्ट करें ?

प्रश्न 04 : पूँजी बजटन क्या है ? पूँजी बजटन की प्रक्रिया विस्तार से स्पष्ट करें ?

प्रश्न 05 : लाभांश नीति के प्रकार बताइए ? स्थिर लाभांश नीति की विशेषताएँ एवं दोष बताइए?

प्रश्न 06 : मूल्यांकन की औसत प्रत्यय विधि विस्तार से स्पष्ट करें ? इस विधि की विशेषताएँ एवं आलोचना को विस्तार से स्पष्ट करें ?

प्रश्न 07 : कार्यशील पूँजी के विश्लेषण में किन-किन अनुपातों को प्रयोग में लाया जाता है ? कार्यशील पूँजी का अनुमान लगाने हेतु प्रचलित रीतियों पर चर्चा करें ?

प्रश्न 08 : रोकड बजट का आशय स्पष्ट करें ? रोकड बजट के उद्देश्य तथा लाभ की व्याख्या करते हुए उसे विस्तार से स्पष्ट करें ?

प्रश्न 09 : संविलयन एवं अधिग्रहण के उत्प्रेरकों का विस्तार से वर्णन करें ? संविलयन एवं अधिग्रहण के असफलता के प्रमुख कारणों की विस्तार से चर्चा करें ?

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) गोर्डन मॉडल

(ख) परिचालन चक्र के दो प्रकार

(ग) बॉमोल का रोकड प्रबंध मॉडल

(घ) मुद्रा का समय मुख्य

♦ ♦ ♦

ज्ञान शांति मैत्री
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय
A 2016

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MMS-008

# व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

द्वितीय सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 4

(उत्पादन एवं परिचालन प्रबंध)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : सामग्री प्रबंध के उद्देश्य तथा महत्व को समझाइए।

प्रश्न 02 : मार्ग निर्धारण का आशय स्पष्ट करें। मार्ग निर्धारण कार्य हेतु किन-किन प्रपत्रों को कार्य में लाया जाता है, उनका विस्तार से विश्लेषण करें।

प्रश्न 03 : गुणवत्ता नियत्रंण के क्या उद्देश्य हैं? गुणवत्ता नियंत्रण व निरीक्षण में अंतर बताइए?

प्रश्न 04 : उत्पादन नियंत्रण का आशय स्पष्ट करें। इसके उद्देश्य, उपयोगिता एवं प्रमुख कार्यों को विस्तार से लिखें।

प्रश्न 05 : क्रय प्रबंध का आशय स्पष्ट करें। इसकी विशेषताएँ एवं सिद्धांतों का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 06 : प्रबन्धकों एवं मालिकों के मूल दायित्वों के अंतर्गत उत्पादन क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध एवं दुर्घटना से सुरक्षित रखने के प्रावधानों का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 07 : कार्य मापन की विभिन्न विधियों का विस्तार से वर्णन करें।

प्रश्न 08 : भंडार-प्रबंध के सभी प्रमुख कार्यों को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 09 : मूल अभियांत्रिकी एवं मुख्य विश्लेषण का आशय स्पष्ट करें। सफल मुख्य विश्लेषण के कारणों को विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) उत्पादन नियंत्रण प्रक्रिया
(ख) ए.बी.सी. विश्लेषण
(ग) क्षमता मापन
(घ) गति अध्ययन

♦♦♦

ज्ञान शांति मैत्री
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय
A 2016